भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3058

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-183ए

3058. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-183ए के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त राजमार्ग पर कार्य पूरा होने में अत्यधिक विलंब हो रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) क्या मौजूदा सड़क का उन्नयन कार्य पूरा हो चुका है; और

(ङ) यदि हां, तो पूरे किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा कितना व्यय किया गया है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-183ए पर कोई विकास या उन्नयन कार्य कार्यान्वित नहीं किया जा रहा है। तथापि, एनएच को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखने के लिए विभिन्न खंडों पर कार्य निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) और सड़क सुरक्षा सुधार कार्यों के तहत रखरखाव कार्य किए जा रहे हैं।

(घ) और (ङ) एनएच-183ए के किमी 27.300 से किमी 32.940 और किमी 40.000 से किमी 72.390 तक का सुदृढ़ीकरण और ज्यामितीय सुधार कार्य ₹ 50.99 करोड़ की कुल लागत से पूरा किया गया है।

*****